## वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने की वीसी के साथ बैठक

# हकृवि विद्यार्थियों का ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा का रास्ता खुला

- डयूल डिग्री प्रोग्राम करने पर 25 प्रतिशत तक शुल्क होगा माफ
- अच्छा ग्रेड प्राप्त करने पर विद्यार्थी को दी जाएगी छात्रवृत्ति



हिसार। बैठक में उपस्थित वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधि मंडल और हकृवि के अधिकारी व वैज्ञानिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ सांझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल एमएससी व पीएचडी डिग्री प्रोग्राम करने का अवसर मिलेगा।

दोनों विश्वविद्यालयों के बीच इस बात की सहमति वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के साथ हुई बैठक में बनी। इस शिष्टमंडल में वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट डायरेक्टर, श्री इयान एंडरसन और रिसर्च एडवाइजर, डॉ. निशा शामिल थे। दोनों समझौते के अनुसार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में सरंक्षित फसल बागवानी (ग्लास हाउस प्रौद्योगिकी) पर पीएचडी करने का अवसर मिलेगा और उस विद्यार्थी को सम्पूर्ण छात्रवृति प्रदान की जाएगी जबकि सांझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल डिग्री प्रोग्राम (मास्टर डिग्री प्रोगरैसिंग टू पीएचडी) करने पर 25 प्रतिशत तक शुल्क माफ किया जाएगा और विद्यार्थी द्वारा अच्छा ग्रेड प्राप्त करने पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के प्रयास में विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए है। इसी कड़ी में आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ भी गत वर्ष अनुबंध किया था। हकृवि के विद्यार्थियों को वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर इसी एमओयू के तहत मुहैया हुआ है। बता दें कि इस प्रकार के एमओयू के तहत हाल ही में हकृवि के 2 विद्यार्थी टोकियो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान और 22 विद्यार्थी चैक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसिस, प्राग में भी शिक्षा के लिए गए हैं।

### सिडनी विवि के शैक्षिक कार्यक्रमों की दी जानकारी

इस बैठक में हकृवि के रजिस्ट्रार, अनुसंधान निदेशक, डीन पोस्टग्रेड्जुएट स्टडीज सहित विभिन्न कालेजों के डीन, वैज्ञानिक और अंतरराष्ट्रीय मामलों के संयोजक भी उपस्थित थे। बैठक में कुलपति ने कृषि संबंधित विषयों पर सांझा रूप से कार्य करने, फैकल्टी के आदान-प्रदान और संयुक्त रूप से वित्त पोषित परियोजनाओं के माध्यम से अनुसंधानों में भागीदारी पर भी बल दिया। आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने बैठक के बाद हकृवि के कृषि महाविद्यालय, केन्द्रीय प्रयोगशाला, मौलिक विज्ञान एवं मानिकी महाविद्यालय का दौरा किया और वहां पर उपलब्ध सुविधाओं का गहराई से निरीक्षण किया। उन्होंने हकृवि के विद्यार्थियों के साथ भी मुलाकात की और उन्हे वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में चल रहे शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के जवाब भी दिए। प्रतिनिधि मंडल ने हकृवि के बुनियादी ढांचे और अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार कार्यों की सराहना की और भविष्य में और अधिक सहयोगी कार्यक्रम चलाने का आश्वासन दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........

दिनांक 30.3.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....4-8....

शिक्षा

**ड्यूल डिग्री प्रोग्राम करने पर 25% तक शुल्क माफ किया जाएगा, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल और एचएयू अधिकारियों के बीच बनी सहमति**

# एचएयू के विद्यार्थियों के लिए ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा लेने का रास्ता खुला

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ साझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल एमएससी व पीएचडी डिग्री प्रोग्राम करने का अवसर मिलेगा।

उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालयों के बीच इस बात की सहमति वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ हुई बैठक में बनी। इस शिष्टमंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट डायरेक्टर इयान एंडरसन और रिसर्च एडवाइजर डॉ. निशा शामिल थे।

दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बनी सहमति के अनुसार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में संरक्षित फसल बागवानी (ग्लास हाउस प्रौद्योगिकी) पर पीएचडी करने का अवसर मिलेगा और उस विद्यार्थी को संपूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जबकि साझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल डिग्री प्रोग्राम (मास्टर डिग्री प्रोग्रेसिंग टू पीएचडी) करने पर 25 प्रतिशत तक शुल्क माफ किया जाएगा और विद्यार्थी द्वारा अच्छा ग्रेड प्राप्त करने पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के प्रयास में विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए हैं। इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ भी गत वर्ष अनुबंध किया था। हकृवि के विद्यार्थियों को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर इसी एमओयू के तहत मुहैया हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के एमओयू के तहत हाल ही में हकृवि के दो विद्यार्थी टोकियो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान और 22 विद्यार्थी चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसिस प्राग में भी शिक्षा के लिए गए हैं।



**बैठक में उपस्थित प्रतिनिधिमंडल और हकृवि के अधिकारी।**

## फैकल्टी का भी आदान-प्रदान

इस बैठक में हकृवि के रजिस्ट्रार, अनुसंधान निदेशक, डीन पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज सहित विभिन्न कालेजों के डीन, वैज्ञानिक और अंतरराष्ट्रीय मामलों के संयोजक भी उपस्थित थे। बैठक में कुलपति ने कृषि संबंधित विषयों पर साझा रूप से कार्य करने, फैकल्टी के आदान-प्रदान और संयुक्त रूप से वित्त पोषित परियोजनाओं के माध्यम से अनुसंधानों में भागीदारी पर भी बल दिया।

## कई स्थानों का दौरा किया

ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने बैठक के बाद हकृवि के कृषि महाविद्यालय, केंद्रीय प्रयोगशाला, मौलिक विज्ञान एवं मानिकी महाविद्यालय का दौरा किया और वहां पर उपलब्ध सुविधाओं का गहराई से निरीक्षण किया। उन्होंने हकृवि के विद्यार्थियों के साथ भी मुलाकात की और उन्हें वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में चल रहे शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के जवाब भी दिए। प्रतिनिधिमंडल ने हकृवि के बुनियादी ढांचे और अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार कार्यों की सराहना की और भविष्य में और अधिक सहयोगी कार्यक्रम चलाने का आश्वासन दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...दैनिक ट्रिब्यून...
दिनांक ...30.3.2019... पृष्ठ सं. ...7... कॉलम ...3-5...

## एमएससी, पीएचडी कार्यक्रमों में लेंगे भाग

# अब आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी में पढ़ेंगे हकृवि के विद्यार्थी

हिसार, 29 मार्च (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ सांझा कार्यक्रम के तहत ड्युएल एमएससी और पीएचडी डिग्री प्रोग्राम करने का अवसर मिलेगा। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के 2 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल और हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ हुई बैठक में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच इस बात पर सहमति बनी है।

इस शिष्टमंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट डायरेक्टर, इयान एंडरसन और रिसर्च एडवाइजर, डॉ. निशा शामिल थे।



हिसार में शुक्रवार को बैठक में भाग लेते वीसी प्रो. केपी सिंह, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधि मंडल और हकृवि के अधिकारी व वैज्ञानिक। -निस

दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बनी सहमती के अनुसार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में सरंक्षित फसल बागवानी (ग्लास हाउस प्रौद्योगिकी) पर पीएचडी करने का अवसर मिलेगा और उस विद्यार्थी को सम्पूर्ण छात्रवृति प्रदान की जाएगी जबकि सांझा कार्यक्रम के तहत ड्यूएल डिग्री प्रोग्राम (मास्टर डिग्री प्रोगरेसिंग टू पीएचडी) करने पर 25 प्रतिशत तक शुल्क माफ किया जाएगा और विद्यार्थी द्वारा अच्छा ग्रेड प्राप्त करने पर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

इस बैठक में हकृवि के रजिस्ट्रार, अनुसंधान निदेशक, डीन पोस्टग्रेइजुएट स्ट्डीज सहित विभिन्न कालेजों के डीन, वैज्ञानिक और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक भी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी......

दिनांक 30-3-2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-2...



*बैठक में उपस्थित वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधिमंडल और हकृवि के अधिकारी व वैज्ञानिक।*

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आस्ट्रेलिया में शिक्षा लेने का रास्ता खुला

हिसार, 29 मार्च(ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ सांझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल एम.एससी. व पीएच.डी. डिग्री प्रोग्राम करने का अवसर मिलेगा। इस बारे दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहमति वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के 2 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के साथ हुई बैठक में बनी। इस शिष्टमंडल में वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के इंस्टीच्यूट डायरैक्टर इयान एंडरसन और रिसर्च एडवाइजर, डा. निशा शामिल थे। सहमति के अनुसार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में संरक्षित फसल बागवानी (ग्लास हाऊस प्रौद्योगिकी) पर पीएच.डी. करने का अवसर मिलेगा और उस विद्यार्थी को सम्पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी जबकि सांझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल डिग्री प्रोग्राम (मास्टर डिग्री प्रोग्रैसिंग टू पीएच.डी.) करने पर 25 प्रतिशत तक शुल्क माफ किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल ने हकृवि के बुनियादी ढांचे और अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार कार्यों की सराहना की और भविष्य में और अधिक सहयोगी कार्यक्रम चलाने का आश्वासन दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......
दिनांक 30.3.2019 पृष्ठ सं. ...19... कॉलम ...6-8...

# एचएयू के विद्यार्थियों के लिए ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में शिक्षा लेने का रास्ता खुला

जागरण संवाददाता, हिसार : एचएयू के विद्यार्थियों को ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ साझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल एमएससी व पीएचडी डिग्री प्रोग्राम करने का अवसर मिलेगा। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच इस बात की सहमती वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ हुई बैठक में बनी।

इस शिष्टमंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट डायरेक्टर इयान एंडरसन और रिसर्च एडवाइजर डा. निशा शामिल थे। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बनी सहमती के अनुसार एचएयू के विद्यार्थियों को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में संरक्षित फसल बागवानी (ग्लास हाउस प्रौद्योगिकी) पर पीएचडी करने का अवसर मिलेगा और उस विद्यार्थी को सम्पूर्ण छात्रवृति प्रदान की जाएगी। जबकि कार्यक्रम के तहत ड्यूल डिग्री प्रोग्राम (मास्टर डिग्री प्रोग्रेसिंग टू पीएचडी) करने पर 25 प्रतिशत तक शुल्क माफ किया जाएगा और विद्यार्थी द्वारा अच्छा ग्रेड प्राप्त करने पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

## पिछले साल हुए एमओयू के तहत हुई बैठक



सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ गत वर्ष भी अनुबंध किया था। हकृवि के विद्यार्थियों को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर इसी एमओयू के तहत मुहैया हुआ है। बता दें कि इस प्रकार के एमओयू के तहत हाल ही में हकृवि के 2 विद्यार्थी टोकियो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान और 22 विद्यार्थी चैक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसिस प्राग में भी शिक्षा के लिए गए है। बैठक में हकृवि के रजिस्ट्रार, अनुसंधान निदेशक, डीन पोस्टग्रेजुएट स्टडीज सहित विभिन्न कालेजों के डीन, वैज्ञानिक और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक भी मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक ...30-3-2019... पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...5...

# एचएयू के स्टूडेंट्स के लिए ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा लेने का रास्ता खुला

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स को ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ साझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल एमएससी और पीएचडी डिग्री प्रोग्राम करने का अवसर मिलेगा। एचएयू के स्टूडेंट्स को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में संरक्षित फसल बागवानी (ग्लास हाउस प्रौद्योगिकी) पर पीएचडी करने का अवसर मिलेगा और उस विद्यार्थी को संपूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। साझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल डिग्री प्रोग्राम (मास्टर डिग्री प्रोसेसिंग टू पीएचडी) करने पर 25 प्रतिशत तक शुल्क माफ किया जाएगा और विद्यार्थी द्वारा अच्छा ग्रेड प्राप्त करने पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहमति वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की हरियाणा कृषि एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ हुई बैठक में बनी। इस शिष्टमंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट डायरेक्टर इयान एंडरसन और रिसर्च एडवाइजर, डॉ. निशा शामिल रहे। आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने बैठक के बाद एचएयू के कृषि महाविद्यालय, केंद्रीय प्रयोगशाला, मौलिक विज्ञान एवं मानिकी महाविद्यालय का दौरा किया और वहां पर उपलब्ध सुविधाओं का गहराई से निरीक्षण किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नभ छोर......

दिनांक ....30. 3. 2019 पृष्ठ सं. ......3...... कॉलम ......6-8......

# हकृवि विद्यार्थियों के लिए आस्ट्रेलिया में शिक्षा लेने का रास्ता खुला

हिसार/29 मार्च/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ सांझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल एमएससी व पीएचडी डिग्री प्रोग्राम करने का अवसर मिलेगा। उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालयों के बीच इस बात की सहमति वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ हुई बैठक में बनी। इस शिष्टमंडल में वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट डायरेक्टर, इयान एंडरसन और रिसर्च एडवाइजर, डॉ. निशा शामिल थे। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बनी सहमति के अनुसार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में संरक्षित फसल बागवानी (ग्लास हाउस प्रौद्योगिकी) पर पीएचडी करने का अवसर मिलेगा और उस विद्यार्थी को सम्पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी जबकि सांझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल डिग्री प्रोग्राम (मास्टर डिग्री प्रोगरैसिंग टू पीएचडी) करने पर 25 प्रतिशत तक शुल्क माफ किया जाएगा और विद्यार्थी द्वारा अच्छा ग्रेड प्राप्त करने पर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के प्रयास में विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए हैं। इसी कड़ी में आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ भी गत वर्ष अनुबंध किया था। हकृवि के विद्यार्थियों को वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर इसी एमओयू के तहत मुहैया हुआ है। बता दें कि इस प्रकार के एमओयू के तहत हाल ही में हकृवि के 2 विद्यार्थी टोकियो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान और 22 विद्यार्थी चैक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसिस, प्राग में भी शिक्षा के लिए गए हैं। इस बैठक में हकृवि के रजिस्ट्रार, अनुसंधान निदेशक, डीन पोस्टग्रेजुएट स्टडीज सहित विभिन्न कालेजों के डीन, वैज्ञानिक और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक भी उपस्थित थे। बैठक में कुलपति ने कृषि संबंधित विषयों पर सांझा रूप से कार्य करने, फैक्लटी के आदान-प्रदान और संयुक्त रूप से वित्त पोषित परियोजनाओं के माध्यम से अनुसंधानों में भागीदारी पर भी बल दिया। आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधि मंडल ने बैठक के बाद हकृवि के कृषि महाविद्यालय, केन्द्रीय प्रयोगशाला, मौलिक विज्ञान एवं मानिकी महाविद्यालय का दौरा किया और वहां पर उपलब्ध सुविधाओं का गहराई से निरीक्षण किया। उन्होंने हकृवि के विद्यार्थियों के साथ भी मुलाकात की और उन्हें वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में चल रहे शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के जवाब भी दिए। प्रतिनिधि मंडल ने हकृवि के बुनियादी ढांचे और अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार कार्यों की सराहना की और भविष्य में और अधिक सहयोगी कार्यक्रम चलाने का आश्वासन दिया।

समाचार-पत्र का नाम ......सिटी पल्स......
दिनांक 29.3.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-4...

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आस्ट्रेलिया में शिक्षा लेने का रास्ता खुला

## अच्छा ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार दी जाएगी छात्रवृति



हिसार। कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधि मंडल और हकृवि के अधिकारी व वैज्ञानिक।

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ सांझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल एमएससी व पीएचडी डिग्री प्रोग्राम करने का अवसर मिलेगा। उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालयों के बीच इस बात की सहमती वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ हुई बैठक में बनी। इस शिष्टमंडल में वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट डायरेक्टर, श्री इयान एंडरसन और रिसर्च एडवाइजर, डॉ. निशा शामिल थे। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बनी सहमती के अनुसार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में संरक्षित फसल बागवानी (ग्लास हाउस प्रौद्योगिकी) पर पीएचडी करने का अवसर मिलेगा और उस विद्यार्थी को सम्पूर्ण छात्रवृति प्रदान की जाएगी जबकि सांझा कार्यक्रम के तहत ड्यूल डिग्री प्रोग्राम (मास्टर डिग्री प्रोगरैसिंग टू पीएचडी) करने पर 25 प्रतिशत तक शुल्क माफ किया जाएगा और विद्यार्थी द्वारा अच्छा ग्रेड प्राप्त करने पर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के प्रयास में विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए है। इसी कड़ी में आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ भी पिछले वर्ष अनुबंध किया था। हकृवि के विद्यार्थियों को वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर इसी एमओयू के तहत मुहैया हुआ है। बता दें कि इस प्रकार के एमओयू के तहत हाल ही में हकृवि के 2 विद्यार्थी टोकियो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान और 22 विद्यार्थी चैक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसिस, प्राग में भी शिक्षा के लिए गए है।

इस बैठक में हकृवि के रजिस्ट्रार, अनुसंधान निदेशक, डीन पोस्टग्रेजुएट स्टडीज सहित विभिन्न कालेजों के डीन, वैज्ञानिक और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक भी उपस्थित थे। बैठक में कुलपति ने कृषि संबंधित विषयों पर सांझा रूप से कार्य करने, फैकल्टी के आदान-प्रदान और संयुक्त रूप से वित्त पोषित परियोजनाओं के माध्यम से अनुसंधानों में भागीदारी पर भी बल दिया।

आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधि मंडल ने बैठक के बाद हकृवि के कृषि महाविद्यालय, केन्द्रीय प्रयोगशाला, मौलिक विज्ञान एवं मानिकी महाविद्यालय का दौरा किया और वहां पर उपलब्ध सुविधाओं का गहराई से निरीक्षण किया। उन्होंने हकृवि के विद्यार्थियों के साथ भी मुलाकात की और उन्हे वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में चल रहे शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के जवाब भी दिए।

प्रतिनिधि मंडल ने हकृवि के बुनियादी ढांचे और अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार कार्यों की सराहना की और भविष्य में और अधिक सहयोगी कार्यक्रम चलाने का आश्वासन दिया।